प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 08.11.2024**

**मुख्य समाचारः—**

- भारतीय सड़क कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन आज से रायपुर में शुरू हुआ—केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया शुभारंभ।
- बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं।
- भिलाई में पुलिस ने एक निगरानीशुदा बदमाश को एनकाउंटर में मार गिराया।
- चार दिवसीय छठ पर्व आज सुबह उषा अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया है।

**भारतीय सड़क कांग्रेस—अधिवेशन—शुभारंभ**

रायपुर में आज से भारतीय सड़क कांग्रेस का तिरासीवां वार्षिक अधिवेशन शुरू हो गया है। अब से कुछ देर पहले केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी के साईंस कॉलेज परिसर में इस अधिवेशन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कर रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित है।

ग्यारह नवम्बर तक चलने वाले इस अधिवेशन में दो हजार से अधिक विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, अभियंता और अधिकारी शामिल हो रहे हैं। अधिवेशन के दौरान सड़क निर्माण और सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विमर्श होगा। इस दौरान सड़क निर्माण तकनीक और सामग्री से संबंधित तीन गाइडलाइन्स और एक मैनुअल भी जारी किए जाएंगे।

इस अवसर पर एक तकनीकी प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स में सड़क निर्माण से संबंधित तकनीक, सामग्री, डिजाइन और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया गया है।

गौरतलब है कि भारतीय सड़क कांग्रेस का यह वार्षिक अधिवेशन छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है।

**मुख्यमंत्री—लोकार्पण**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में साठ करोड़ बीस लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बलौदाबाजार में बीएड महाविद्यालय खोलने और ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों में से दो हजार एक सौ हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र और इंक्यावन हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी। उन्होंने जिले में संचालित ''हम होंगे कामयाब अभियान'' के अंतर्गत इंक्यावन युवाओं को सम्मान पत्र प्रदान किया।

**मुख्यमंत्री—सहस्त्रबाहु जयंती**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कोरबा जिले के कटघोरा विकासखंड मुख्यालय में कलार समाज द्वारा आयोजित भगवान सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कटघोरा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक सौ बिस्तरों वाले अस्पताल में उन्नयन करने का घोषणा की। उन्होंने कटघोरा अम्बिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चकचकवा पहाड़ के पास स्थित चौक को भगवान सहस्त्रबाहु के नाम पर रखने के साथ ही कटघोरा विश्राम गृह के उन्नयन की घोषणा भी की।

**माओवादी—मुठभेड़**

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आज दो माओवादी मारे गए हैं। सुरक्षा बलों ने मारे गए दोनों माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं।

घटनास्थल से एक सेल्फ लोडिंग रायफल–एस.एल.आर. और बड़ी संख्या में अन्य हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किए गए हैं। इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

**उपचुनाव–रायपुर**

रायपुर दक्षिण विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित मंत्री टंक राम वर्मा, लखन लाल देवांगन, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, और राजेश मूणत ने कल रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया। इस दौरान रोड–शो का आयोजन भी किया गया।

दूसरी ओर, कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने जनसंपर्क किया। नौ और दस नवंबर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे।

गौरतलब है कि इस उपचुनाव के लिए तेरह नवंबर को मतदान होगा।

**उपचुनाव–आयोग**

इस बीच, रायपुर दक्षिण विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने प्रत्याशियों के खर्चों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रत्याशियों के रैली तथा अन्य कार्यक्रमों के खर्चों की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्याशियों को निश्चित समय में खर्चों की जानकारी निर्वाचन आयोग की व्यय शाखा को देने के लिए कहा है।

वहीं, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए उप चुनाव लड़ने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को मतदान से एक दिन पहले विज्ञापनों का प्रमाणन, मीडिया प्रमाणन तथा निगरानी समिति से कराना होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव सिंह ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

**छठ पर्व–संपन्न**

चार दिवसीय छठ पर्व आज सुबह उषा अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया।

छठ व्रतियों ने छठ महापर्व के चौथे दिन आज सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। बड़ी संख्या में श्रदालु महादेव घाट पहुंचे और उगते हुए सूर्य की पूजा–अर्चना की।

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट, रायपुर के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि चार दिवसीय छठ महापर्व के चौथे दिन आज सुबह तीस हजार से अधिक लोग महादेव घाट पर खारुन नदी तट पर जमा हुए।
रायपुर में विभिन्न स्थानों जैसे महादेव घाट, व्यास तालाब और अन्य तालाबों के किनारे इस वर्ष भी छठ पर्व धूम–धाम से मनाया गया। बिलासपुर, भिलाई–दुर्ग, कोरबा, बस्तर और राज्य के अन्य शहरों में भी छठ पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया।

**स्पेशल ट्रेन**

भारतीय रेल छठ पर्व के बाद यात्रियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से पांच सौ से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। रेलवे बोर्ड ने बताया कि आज से लौटने वाले यात्रियों के लिए समस्तीपुर, दानापुर और अन्य रेल मंडलों से अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं।

भारतीय रेल के अनुसार, त्योहारी सीजन के दौरान चार हजार पांच सौ इक्कीस ट्रेनों से करीब पैंसठ लाख यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया गया। रेल मंत्रालय ने कहा कि इस महीने की एक तारीख से पांच तारीख के बीच छह करोड़, पचासी लाख से अधिक यात्रियों ने बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड के लिए रेलयात्रा की। यात्रियों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल और स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया है।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **त्यौहार के अवसर पर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई विशेष ट्रेनों और अन्य पहलों पर** विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल नौ नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## सौम्या चौरसिया–गिरफ्तार

कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व अधिकारी सौम्या चौरसिया को ईओडब्ल्यू ने एक बार फिर गिरफ्तार कर लिया है। इस बार उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया गया है। ईओडब्ल्यू ने सौम्या को आज विशेष न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें दस दिन की रिमांड पर ईओडब्ल्य को सौंप दिया गया है।

## पुलिस–एनकाउंटर

भिलाई नगर में आज शाम पुलिस ने एक निगरानीशुदा बदमाश को एनकाउंटर में मार गिराया है। मिली जानकारी के अनुसार अमित जोश नाम के जिस आरोपी का आज एनकाउंटर हुआ है, वह दुर्ग के ग्लोब चौक में करीब चार महीने पहले हुए एक गोलीकांड में आरोपी था और फरार चल रहा था। आज पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए गई हुई थी, तभी जयंती स्टेडियम के पास उसने जवानों को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अमित जोश मारा गया।

अमित जोश भिलाई के सेक्टर–छह का निवासी था और उसके खिलाफ अलग–अलग थानों में कई अपराध दर्ज थे।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- राजीव युवा उत्थान योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग के लिए रायपुर जिले के छात्रों से बीस नंवबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- जांजगीर–चांपा जिले में अकलतरा के लटिया रोड के पास आज एक
- तेज़ रफ्तार एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर खदान में गिर गई, जिसमें सवार दो लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई। हादसे के समय एम्बुलेंस में कोई मरीज नहीं था।

- कबीरधाम जिले में आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने नियमितीकरण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर राजीव गांधी पार्क में प्रदर्शन किया।
- बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर सिविल अस्पताल में एक मरीज के परिजनों से सफाई कराने के मामले में कलेक्टर ने स्टाफ नर्स अमिता मिंज और वार्ड आया अनीता सिंह को निलंबित कर दिया है।
- सक्ती जिले के हसौद की गैस एजेंसी के पास आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ले जा रहा मालवाहक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में तीन महिलाओं को गंभीर चोट आई है। वहीं, अट्ठारह महिलाएं मामूली रूप से घायल हुई हैं।